# हेलीकॉप्टर से हांककर पकड़ रहे काले हिरण

## कृष्ण मृग और रोजड़ों को पकड़ने का अभियान जारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर. मध्यप्रदेश और विशेषकर पश्चिम मध्यप्रदेश के राजस्व क्षेत्र में कृष्ण मृग एवं रोजड़ों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्या के निदान के लिये दक्षिण अफ्रीका की कंजरवेशन सॉल्यूशन एवं वन विभाग की टीम द्वारा हेलीकॉप्टर और बोमा से कृष्ण मृगों को पकड़ने का अभियान चल रहा है.**



शुक्रवार को शाजापुर जिले की तहसील लाहौरी बड़ला गांव में बोमा लगाया गया. लाहौरी, सिंगारचोरी, पिपलिया इंदौर, नया समाजखेड़ा, खोरिया, विकलाखेड़ी, मुल्लाखेड़ी, पिपलिया गोपाल, छजियाजीपुर, सनकोटा और बोपा का डेरा गांव से 59 नीलगाय को खेतों से पकड़ कर राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में छोड़ा जा रहा है. इस अभियान में अभी तक 501 कृष्ण मृग और 59 नीलगाय को पकड़ कर अन्यत्र संरक्षित क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में छोड़ा गया. इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आयेगी और कृषकों की समस्या का निदान होगा. देश में इस तरह का यह पहला अभियान है. वन विभाग द्वारा अभियान के दौरान यह अपील की गयी है कि ग्रामीणजन हेलीकॉप्टर द्वारा हांके के दौरान कृष्ण मृग एवं नीलगाय के पीछे न भागें.

> अभियान के तहत वन विभाग द्वारा मैदानी अमले का एक समर्पित दल बनाया गया है. यह दल दक्षिण अफ्रीका की कंजरवेशन सॉल्यूशन टीम के साथ प्रशिक्षित हो रहा है. आगामी समय में वन विभाग का प्रशिक्षित दल कृष्ण मृग एवं नीलगायों को पकड़ने का अभियान चलायेगा. अभियान में जिला प्रशासन, पुलिस और शाजापुर जिले के ग्रामवासियों द्वारा सहयोग किया जा रहा है. अभियान नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक चलेगा.



## सीएम ने दी मप्र स्थापना दिवस की बधाई

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश अब 70 साल का हो गया है. अपनी गौरवशाली विकास यात्रा का 70वां स्थापना दिवस मना रहा है. उन्होंने कहा कि 1 नवंबर 1956 को गठित यह राज्य न केवल भारत के हृदय में स्थित है, बल्कि देश के विकास मानचित्र पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है. मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की यह 70 वर्षीय यात्रा समर्पण, संकल्प और सतत् विकास की सुखद यात्रा रही है.

# प्रशासन की फटकार के बाद झुका प्रबंधन

**रविवार की जगह शुक्रवार को अंजुमन स्कूल में छुट्टी आदेश तत्काल प्रभाव से वापस**



**जबलपुर, 31 अक्टूबर. शुक्रवार को अंजुमन इस्लामिया स्कूल में छुट्टी घोषित करने के आदेश की कॉपी सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया.**

मामले के तूल पकड़ने पर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई और स्कूल प्रबंधन से तत्काल स्पष्टीकरण मांगा. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अंजुमन इस्लामिया स्कूल प्रबंधन स्कूल ने शुक्रवार (जुम्मे) को साप्ताहिक अवकाश घोषित करते हुए रविवार को नियमित कक्षाएं संचालित करने का आदेश जारी किया था. यह जानकारी स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाई गई, जिसके बाद सोशल मीडिया और शैक्षणिक जगत में इस फैसले को लेकर प्रतिक्रियाएं बढ़ने लगी. स्कूल की ओर से भेजे गए संदेश में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि अब से हर शुक्रवार को स्कूल बंद रहेगा.

> स्कूल प्रबंधन का तर्क है कि अंजुमन इस्लामिया स्कूल मुस्लिम बहुल क्षेत्र में स्थित है और शुक्रवार को नमाज़ के कारण कई विद्यार्थी अनुपस्थित रहते हैं. ऐसे में जुम्मे की छुट्टी देना व्यवहारिक कदम बताया. बाद में इस फैसले को परिवर्तित करते हुए अंजुमन इस्लामिया स्कूल ने शुक्रवार के स्थान पर साप्ताहिक अवकाश को रविवार कर दिया. सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन छुट्टी के आदेश पर स्कूल में ताला लगे होने और चाबी नहीं मिलने का हवाला देकर कार्रवाई से बचने की कोशिश करता रहा, लेकिन प्रशासन के रुख के आगे प्रबंधन को झुकना पड़ा.

# परिक्रमावासियों की बस पलटी, एक की मौत

## खेतिया पाटी मार्ग पर अंधे मोड़ पर हादसा, कई घायल हुए

**बड़वानी, 31 अक्टूबर. नर्मदा परिक्रमा पर निकले श्रद्धालुओं से भरी बस मंगलवार सुबह खेतिया पाटी मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई.**

बस एमपी 13 झेडपी 7986 बायगौर गांव के आगे घाट क्षेत्र में उतराई और अंधे मोड़ के कारण असंतुलित होकर सड़क किनारे क्लीनर साइड पलट गई. बस में 50 से अधिक परिक्रमावासी सवार थे. हादसा सुबह लगभग 9 बजे हुआ. गनीमत रही कि बस गहरी खाई में गिरने से बच गई, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी. बस पलटते ही यात्रियों में चीखपुकार मच गई. आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया. सूचना मिलते ही खेतिया, पानसेमल, पाटी सहित बड़वानी पुलिस राहत दल भी घटनास्थल पहुंचा. ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला. क्रेन और कटर मशीन की सहायता से दो गंभीर रूप से फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया. सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र खेतिया भेजा गया. दुर्घटना में सुगनबाई पति बद्रीसिंह निवासी जामदा (जिला धार) की मौत हो गई. छह घायलों को मामूली चोटें होने पर प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी, जबकि 56 को बड़वानी जिला अस्पताल रेफर किया गया. इनमें से दो यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है. जिन्हें इंदौर रेफर किया गया है. दुर्घटना में घायल यात्रियों में घिसीबाई यादव, चंदरसिंह यादव, भोलाराम पटेल, रामकुवरबाई, पुप्पाबाई, धनुबाई, सोहनबाई, सागरबाई, अमृतबाई, शंकुतला, प्रियल, संतोषबाई, शंभुसिंह, भेरूलाल, भुमिका, राजुबाई सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं.

> **मार्ग की खामियां हादसे का कारण**
> जानकारी के अनुसार खेतिया पाटी मार्ग नया बना है, लेकिन इसमें अंधे मोड़ होने से वाहन अक्सर असंतुलित हो जाते हैं. हादसे वाला मोड़ भी इसी वजह से संवेदनशील बताया जा रहा है. परिक्रमा वासी इंदौर जिले के बेटमा व आसपास के गांवों से 29 अक्टूबर को यात्रा पर निकले थे. सोमवार रात वे बड़वानी में रुके थे और सुबह खेतिया की ओर रवाना हुए थे.

# एकता, अखंडता बनाए रखने दिलाई शपथ

**सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन**



**बैरसिया, 31 अक्टूबर.** लौह पुरुष और एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बैरसिया थाना में सुबह रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ थाना प्रभारी वीरेंद्र सेन एवं वरिष्ठ समाज दीपक दुबे द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन कर एकता का संदेश देते हुए किया. जहा पुलिस कर्मियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों ओर समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. थाना प्रभारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में योगदान दिया, वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है. यह रन फॉर यूनिटी उनके आदर्शों को याद करने और समाज में एकता का संदेश देने का उचित माध्यम है. रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम थाना परिसर से प्रारंभ हो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में संपन्न हुआ. रन फॉर यूनिटी के समापन पर प्रतिभागियों को जलपान पर राष्ट्रीय एकता की शपथ समाज सेवी दीपक दुबे द्वारा दिलाई गई. इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारी - कर्मचारी, नगर रक्षा समिति सदस्यगण, छात्रावास अधीक्षक यशवंत कुशवाह, खेल शिक्षिका मीना नागर आदि उपस्थित रहे.

# जिलों के समारोह में मंत्री, सांसद, विधायक होंगे मुख्य अतिथि

- राज्य सरकार ने जारी किये आदेश
- मप्र के स्थापना दिवस पर जिलों में भी होगा कार्यक्रम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार एक नवंबर को प्रदेश में जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**

जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश के मंत्री मुख्य अतिथि होंगे. ऐसे जिले जहां मंत्री शामिल नहीं हो सकेंगे, वहां सांसद और विधायक मुख्य अतिथि रहेंगे. हर जिले में तो जिला पंचायत अध्यक्ष को मुख्य अतिथि बनाया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आदेश जारी किए गए हैं.

आदेश के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ग्वालियर, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, विधायक हेमंत खण्डेलवाल बैतूल में आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे जो, राज्य की एकता, प्रगति और विकास की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगे.

# सरदार वल्लभभाई पटेल को दी श्रद्धांजलि

**मंडीदीप, 31 अक्टूबर.** औद्योगिक नगर में शुक्रवार को भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मध्य प्रदेश कुर्मी छतरियां समाज के तत्वावधान में मनाई गई. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने सरदार पटेल को आज के भारत की आवश्यकता बताते हुए कहा कि हमें एकजुट रहने की आवश्यकता है, जिस प्रकार सरदार पटेल ने पूरे देश की 565 रियासतों का एकीकरण कर नए भारत का निर्माण किया. हमें भी एक होकर इसी राह पर चलने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन भार्गव, बद्री सिंह चौहान ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवन पर प्रकाश डाला. इस मौके



पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीपेश मीणा, वार्ड नंबर 13 के पार्षद जगदीश शर्मा, वार्ड नंबर 16 के पार्षद शेर सिंह चौहान, वार्ड नंबर 17 के पार्षद राकेश लौवंशी, खेड़ापति मंदिर समिति के अध्यक्ष गौतम लोवंशी, प्रार्थना चौहान, पार्षद वार्ड नंबर 12 आशीष गौर समेत कई लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम में वार्ड नंबर 13 लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए. कार्यक्रम का संचालन कमलेश गौर ने किया. आभार समाज के नगर अध्यक्ष सर्वेश गौर द्वारा व्यक्त किया गया. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष महाराज सिंह, ओम प्रकाश, कृष्णा गौर, सुभाष गौर, मंडीदीप सचिव अनिल गौर, जगदीश गौर समेत कई नागरिक उपस्थित थे.

# 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम पर आधारित प्रतिमा का अनावरण



**रीवा, 31 अक्टूबर.** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा सैनिक स्कूल गेट पर स्थापित 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम आधारित प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया. विंध्य के सपूत, ऑपरेशन सिंदूर के नायक एवं थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी तथा जलसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी एक साथ रीवा की पावन धरती पर उपस्थित रहे. प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी एवं जलसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की विशेष उपस्थित में संपन्न हुआ.

## दिवंगत एम .मोहन राव के निवास पहुंचे सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 अक्टूबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगत पूर्व अपर मुख्य सचिव डॉ. एम मोहन राव के चूना भट्टी स्थित निवास मानसा हाउस पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजन से शोक संवेदनाएं साझा कीं. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे डॉ. एम मोहन राव कुछ समय से बीमार थे और उनका 28 अक्टूबर को निधन हो गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से स्व. डॉ. राव की पुण्य आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजन को गहन दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.

# उप संचालक कृषि ने देखी खाद व्यवस्था

**बैरसिया, 31 अक्टूबर. खाद वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता ओर उपलब्धता का जायजा लेने शुक्रवार को उप संचालक कृषि सुमन प्रसाद बैरसिया पहुंचीं.**

जहां उप संचालक ने कृषि मंडी स्थित खाद वितरण केंद्र एमपी एग्रो एव कृषि बीज उत्पादक एव विपणन सहकारी मर्यादित समिति वितरण केंद्रों पर खाद का स्टॉक ओर टोकन वितरण व्यवस्था देखी. वही खड़की टोकन लेकर टेंट के नीचे कुर्सियों पर बैठे कृषकों से चर्चा कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लेने के बाद वे सन्तुष्ट नजर आई. उप संचालक कृषि सुमन प्रसाद ने नवभारत को चर्चा में बताया कि रबी सीजन की फसल गेहूं, चना आदि की बोवनी



का समय है. किसानों पर्याप्त सुविधा जनक खाद मिले इसके लिए हमारे इंस्पेक्टर खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था बना रहे हैं. जहां सहकारी समितियों ओर सोसायटियों में लगातार पर्याप्त डीएपी-यूरिया पहुंचाया जा रहा है. आगामी दस दिनों में निजी एवं सहकारी वितरण केंद्रों पर्याप्त मात्रा में खाद मिलने लगेगा. फिर भी किसानों को कहीं कोई परेशानी हो तो वे डीडीए कार्यालय को समस्या से अवगत कराएं. उन्होंने बताया कि सभी खाद वितरण केंद्रों पर व्यवस्था ठीक पाई गई. इस अवसर पर तहसीलदार मिट्ठूलाल पंवार, पीएस गोयल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैरसिया मौजूद थे.

# किसान के घर से सात लाख नगद समेत जेवर ले गए चोर

**जबलपुर, 31 अक्टूबर. गोसलपुर थाना अंतर्गत कैथरा में चोरों ने किसान के घर में धावा बोलते हुए 7 लाख नगद समेत सोने चांदी के जेवर पार कर दिए.**

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को अवधेश पटेल 37 वर्ष निवासी कैथरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसानी करता है. उसके पिता हरदास पटेल घर में सो रहे थे, रात लगभग 12 बजे निस्तार करने के बाद फिर से सो गये. रात लगभग 2-30 बजे अचानक खटखट की आवाज कमरे से आयी तो पिता की नींद खुली. पिता जी ने अंदर का दरवाजा खोले तो अंदर से चटकनी लगी थी, पिता चोर चोर चिल्लाते हुये छत पर गये, उसी समय कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें छत की तरफ भागते दिखा और कूदकर भाग गया. फिर पिता ने फोन कर उसे बताया, उस समय वह सिहोरा वाले घर में था. वह रात में अपने घर आया अंदर जाकर कमरे में देखा कमरे में रखी आलमारी का लाक टूटा था, सामान फैला था चैक करने पर सोने का झाला, 2 माला, अंगूठी, पंचाली, टाप्स, 2 हार, 1 लोंग, कुल सोने के जेवर लगभग साढे चौदह तोला, चांदी के 1 किलो वजनी छल्ला कड्डोरा, 1 जोड़ी पायल 15 तोला, 1जोड़ी पायल 6 तोला, 6 चूड़ी, नगदी 7 लाख रूपये आलमारी एवं पेटी में रखे थे, कोई अज्ञात चोर रात में घर में घुसकर आलमारी एवं पेटी का ताला तोड़कर जेवर एवं नगदी चोरी कर ले गया है.

**बैठक** ▶ भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने निगम प्रशासन पर जताई नाराजगी

# नगर निगम में शोर शराबे के बीच प्रस्ताव हुए पारित

**छिंदवाड़ा, 31 अक्टूबर. नगर निगम में सभाकक्ष में शोर शराबे के बीच परिषद की बैठक शुरू हुई.**

बैठक के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन पर नाराजगी जताई और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए. साथ ही शहर के सभी वार्डो में विकासकार्य बंद होने का मुद्दा काफी जमकर उठाया गया. पार्षदों ने आरोप लगाया कि उनके वार्डो में विकास कार्य रोक दिए गए है जल्द से जल्द विकास कार्यो को पूर्ण कराया जाए. शोर शराबे के बाद परिषद की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए. मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों के पार्षदों ने निगम प्रशासन पर नाराजगी जताई. पार्षदों ने अपने-



अपने वार्डों में विकास कार्य न होने, अधूरे प्रोजेक्ट्स और टैक्स बढ़ोतरी जैसे मुद्दों पर अधिकारियों को घेरा. कुछ समय तक परिषद में जोरदार हंगामा और शोरगुल की स्थिति बनी रही.

कई पार्षदों ने निगम प्रशासन से साफ तौर पर जवाब मांगा कि शहर के विभिन्न वार्डों में अधूरे पड़े विकास कार्य आखिर कब पूरे होंगे. विपक्षी पार्षदों ने बजट पारित करने से पहले कार्यों की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की भी मांग की.बैठक में महापौर विक्रम अहके, अध्यक्ष सोनू मांगो आयुक्त चंदप्रकाश राय, समस्थ पार्षदगण, निगम सचिव एवं उपायुक्त वित्त कमलेश निरगुडकर, उपायुक्त आर एस बाथम, कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर एवं नगर निगम अधिकारीगण उपस्थित रहे.

> **यह महत्वपूर्ण परित किए गए प्रस्ताव**
> एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन हेतु प्रस्ताव पारित किया गए जिसमें जी.एस.टी. दरों में ऐतिहासिक कमी के लिए धन्यवाद हेतु प्रस्ताव पारित किया गया, आत्मनिर्भर भारत संकल्प का प्रस्ताव पारित किया गया, वार्ड क्रमांक 08 स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के सामने वाली सड़क (गली क्र. 05) का नाम मोनी महाराज मार्ग रखा जाएगा, शहीद लालमन कोठोले की स्मृति में किसी प्रमुख स्थल पर शहीद स्मारक स्थापित किया जाएगा, वार्ड क्रमांक 46 में मोहित चश्मालय के समीप स्थित चौक का नाम हरे माधव चौक रखा जाएगा, राजपाल चौक से पाटनी टाकीज तक की सड़क का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मानिक राव चौरे के नाम पर किया जाएगा, वार्ड नं. 43 षष्टी माता मंदिर के पास सिया रोड पर भगवान झूलेलाल के नाम से स्वागत गेट लगाये जाने वार्ड 46 मोहित चश्मालय के बाजू से लगे मुख्य मार्ग पर हरे माधव द्वार लगाये जाने वार्ड नं. 46 लकडी टाल के पास का नाम भगवान झूलेलाल सनातन मंदिर द्वार किये जाने प्रस्ताव पारित किया गया, केसरी नंदन मंदिर के पास की सड़क का नाम केसरी नंदन चौक रखा जाएगा, चंदनगांव वार्ड क्रमांक 36 में श्यामाप्रसाद वाटिका विकसित करने एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया, सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति स्थापना हेतु उचित स्थान चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया.

# भैंस के बछड़े का वध की घटना को लेकर तनाव

- हिंदू संगठन का आरोप उन पर हुआ हमला

नवभारत न्यूज

**दमोह. भैंस के बछड़े का वध की घटना के बाद तनाव फैल गया है और हिंदूवादी संगठन सड़कों पर आ गए.**

जानकारी लगते ही मौके पर सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, एसडीएम आर एल बागरी, यातायात थाना प्रभारी दलबीर सिंह मार्को, बजरिया चौकी प्रभारी एएसआई राकेश पाठक, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई रचना मिश्रा सहित और जिले के थाना प्रभारी और पुलिस व वज्र वाहन के साथ मौजूद है.इस मामले में हिंदू संगठनों का आरोप है कि भैंस के बछड़े की हत्या की सूचना पर कसाई मंडी इलाके में गए गौ सेवकों पर कसाइयों ने जानलेवा हमला किया है और जैसे-तैसे वो खुद को बचकर आए.

दरअसल शुक्रवार शाम दमोह के गौ सेवकों को सूचना मिली थी कि कसाई मंडी इलाके में गौ वंश को काटा जा रहा है और इस सूचना पर गौ सेवक कसाई मंडी पहुंच गए लेकिन गौ सेवकों को देखकर कसाई मंडी इलाके के लोग आक्रोशित हो गए और फिर बड़ा बबाल खड़ा हो गया. गौ सेवकों के मुताबिक यहां गौ हत्या हुई है और हिन्दू संगठन के लोगों को देखकर कसाई समुदाय के लोग आक्रोशित हुए और धारदार हथियार, देशी बम और कट्टे लेकर उन्होंने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर हमला बोल दिया.इनका आरोप है कि उनके ऊपर पथराव भी किया गया. संगठन के नित्या प्यासी, दीपक नेमा के मुताबिक आमने-सामने की स्थिति बन गई.लेकिन पुलिस ने कसाई मंडी से उन्हें बाहर निकाल दिया.

> इस घटना की सूचना जैसे ही हिंदू संगठन के और लोगों की मिली बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग सड़कों पर आ गए, पहले पुराना थाना इलाके में और फिर शहर के घंटाघर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया .वहीं पुलिस कोतवाली में भी हिंदू संगठन के पदाधिकारी डेरा जमाए रहे. हिंदू नेताओं के मुताबिक कसाई मंडी इलाके में जानलेवा हमला गंभीर विषय है गौ सेवकों पर जानलेवा हमला को लेकर निंदनीय बात है .आरोप है कि एक पूर्व पार्षद और कांग्रेस नेता जो कि कसाई समुदाय से आता है मुरसलीन कुरैशी उसके नेतृत्व में कसाइयों ने हमला किया है .जबकि कुछ आदतन अपराधी कसाइयों का बड़ा समूह इस हमले में शामिल है. फिलहाल तनाव के बीच पुलिस मोर्चा संभाले हुए है और माहौल को शांत करने ने लगी है. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक कोतवाली पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करने के अलावा शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकालने के निर्देश दिए थे.